# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – VII** **M.M:80**

**खंड- क**

**1 .निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** ( 5x2=10)

भारत में त्योहारों का विशेष महत्व है। दीपावली प्रकाश का पर्व है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, दीप जलाते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन भगवान राम 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्यालौटे थे। अयोध्या के लोगों ने उनके स्वागत में घी के दीये जलाए थे। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आजकल कुछ लोग पटाखे जलाकर प्रदूषण फैलाते हैं, जो हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक है। हमें दीपावली को दीयों और खुशियों से मनाना चाहिए, पटाखों से नहीं।

i. दीपावली किसका प्रतीक है?

(क) बुराई पर अच्छाई की जीत (ख) धन की वर्षा

(ग) अंधकार का पर्व (घ) केवल मिठाई खाना

ii. भगवान राम अयोध्या कब लौटे थे?

(क) 10 वर्ष का वनवास पूरा करके (ख) 14 वर्ष का वनवास पूरा करके

(ग) 12 वर्ष का वनवास पूरा करकर ( घ) युद्ध जीत कर

iii. लेखक के अनुसार दीपावली कैसे मनानी चाहिए?

(क) खूब पटाखे जलाकर (ख) केवल खाना खाकर

(ग) दीयों और खुशियों से (घ) घर बंद करके

iv. अयोध्या के लोगों ने भगवान राम के स्वागत में क्या किया था?

v. पटाखे जलाने से क्या हानि होती है? हमें दीपावली कैसे मनानी चाहिए?

**2 . निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** ( 5x1=5 )

समय का सबसे कहना है, जीवन चलते रहना है

इसको मत बर्बाद करो, सदा काम की बात करो

फूल सदा मुस्काते हैं, हमको यह समझाते हैं,

जीवन हँसते रहना है, दुःख-सुख भी सहना है।

कर्म ही जिसकी प्रीत है, सत्य से जिसको प्रीत है,

अंत में उसकी जीत है, समय भी उसका मीत है।

**i. समय का सबसे क्या कहना है ?**

क . आराम करो ख .इसको मत बर्बाद करो ग . बात करो

**ii .दुःख भी सहना है - यह कौन सिखलाता है?**

क . फूल ख . मस्त हवाएँ ग. समय

**iii. समय किसका मित्र है?**

क. जो कर्म करता रहता है    ख. जिसे सत्य से प्रेम है    ग. जो आलसी है

**iv .किसे बर्बाद नहीं करना चाहिए?**

क. फूल    ख. कर्म    ग. समय

**iv . वक्त का पर्यायवाची शब्द पद्यांश में से ढूँढ़कर लिखो-**

क. समय    ख. दुःख    ग. सुख

**(खंड ख)**

**3 . निम्नलिखित शब्दों के श्रुतिसम भिन्नाथक शब्द लिखिए -** **( 2×1=2)**

(i) अवधी, अवधि    (ii) अचार,अनाचार

**4 . निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए -**

(i) अंतर    (ii) अर्थ    **( 2 x1= 2)**

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए -** **(4×0.5 =2)**

(क) सेब, संतरा, अनार, नीम आदि कौन-सी संज्ञा है?

(i) व्यक्तिवाचक    (ii) जातिवाचक    (iii) भाववाचक    (iv) द्रव्यवाचक

(ख) स्त्री और पुरुष जाति से जुड़ी शब्द की पहचान को क्या कहा जाता है?

(i) लिंग    (ii) पुल्लिंग    (iii) स्त्रीलिंग    (iv) पहचान

(ग) कौन-सा शब्द पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग दोनों रूपों में स्वीकार कर लिया गया है?

(i) दूध    (ii) दही    (iii) खीर    (iv) रायता

(घ) निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा बहुवचन रूप सही है?

(i) डिब्बी    (ii) डिब्बिया    (iii) डिब्बियाँ    (iv) डिब्बियाएँ

**6 .उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए -** **(4x1=4)**

(i) दर्शन, हस्ताक्षर, प्राण आदि नित्य ............ शब्द हैं।

(ii) संज्ञा के बदले प्रयोग में आने वाले शब्दों को ............ कहते हैं।

(iii) भाव, गुण, अवस्था आदि का बोध कराने वाले शब्दों को . ......... संज्ञा कहते हैं।

(iv) मच्छर, कौआ, कॉकरोच आदि ........... पुल्लिंग शब्द हैं।

**7. विशेषण शब्द बनाइए -** **(4x0.5=2)**

( i ) चाचा    (ii ) पर्वत    ( iii) नगर    (iv ) क्षेत्र

**8 . विशेषण शब्दों के आगे उचित विशेष्यों का प्रयोग कीजिए -** **( 2x1=2)**

(i) ........... लोग    (ii) .......... कहानियाँ

9. लिंग बदलकर लिखिए - (4x0.5=2)

i) सुंदर ii) वीर iii) नायक iv) लेखक

10.वचन बदलकर लिखिए - ( 4x0.5=2)

i) पेड़ ii ) पत्नी iii ) लड़ iv) छात्र

11.उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए - (2 x1=2)

(i) करण कारक और अपादान कारक दोनों में ---- विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।

(ii) कर्ता जिसके लिए कुछ कार्य करता है या जिसे कुछ देता है, उसे---- कहते हैं।

**खंड - 'ग'**

12 . निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - ( 5x1=5)

गुरदास अपने माता-पिता की संतानों में तीन बहनों का अकेला भाई था। उसकी माँ उसे 'राजा बेटा' कहकर पुकारती थी। स्वयं पिता रेलवे के दफ्तर में साधारण क्लर्क का काम करते थे। कभी कह देते कि उनका पुत्र ही उनका और अपना नाम कर जाएगा।

क) गुरदास के माता-पिता की कितनी संताने थीं?

i . दो ii. चार iii. तीन

ख) गुरदास की कितनी बहनें थीं?

i. दो ii. तीन iii. पाँच

(ग) गुरदास की माँ उसे क्या बुलाती थी?

i . सोनू ii. मोनू iii. राजा बेटा

(घ) गुरदास के पिता जी किसके दफ्तर में काम करते थे?

i. सेना के ii. स्कूल के iii. रेलवे के

(ङ) गुरदास के पिता जी क्या कहते थे?

i. उनका बेटा उनका नाम करेगा ii. उनका बेटा उन्हें बदनाम करेगा iii .उनका बेटा उन्हें परेशान करेगा

13 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दें - (5 x3=15)

(क) अस्पताल में घायल पड़े हुए गुरदासको उत्साह का अनुभव क्यों हुआ?

(ख) कवि किनसे सावधान होने की चेतावनी दे रहे हैं?

(ग) चित्रकला से राजपरिवार और आम आदमी दोनों गहराई से जुड़े थे - कैसे पता चलता है?

(घ) गालिब को आम कौन-कौन भेजतेथे?

(ङ) आम के बारे में गालिब के अतिरिक्त और किन-किन लोगों ने लिखा है?

**14.निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें -** (2x5=10)

(क) बहादुरशाह जफर और मिर्जा गालिब की महताब बाग की सैर का किस्सा अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) राव अमर सिंह द्वारा बनवाई गई चित्रशाला के चित्रों की विषयवस्तु क्या है?

(ग) कवि किसको व्यर्थ कह रहे हैं? क्यों?

**( खंड-घ)**

**15 . निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखें -** (8x1=8)

भारी बर्फबारी के बीच फंसे दो पर्यटकों की बातचीत

**अथवा**

कक्षा में आए नए विद्यार्थी के साथ दो मित्रों की बातचीत

**16 . निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें :** (7x1=7)

पटाखा-मुक्त दीपावली मनाने की सीख देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखें

**अथवा**

आपको अ. ब. स. प्रकाशन से कुछ पुस्तकें मँगवानी हैं। इस बारे में प्रबंधक को पत्र लिखिए।